मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-08
02/01/2021

पूर्व विधान पार्षद कपिलदेव सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 02 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व विधान पार्षद कपिलदेव सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व0 कपिलदेव सिंह एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। वे नालन्दा जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष भी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******